हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .9 डिग्री


11 मीनू कालीरमन व सियाज पूनिया को बनाया नशा मुक्त हरियाणा का ब्रांड एंबेसडर





12 रामभक्तों की तपस्या लाई रंगः राजेश्वरानंद




## खबर संक्षेप

### एक उद्घोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हांसी।** जिलेभर में पीओ व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस के पीओ स्टाफ टीम ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान राजथल निवासी ईश्वर के रुप में मे हुई है। आरोपित को अदालत द्वारा थाना नारनौंद में दर्ज एक मामले में उद्घोषित आरोपित करार दिया हुआ था। आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### चोरी की बाइक खरीदने के आरोप में गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की वाहन चोरी निरोधक टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोतिप की पहचान हिसार की न्यू गीता कॉलोनी निवासी सुरेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपित ने चोरी का मोटरसाईकिल खरीद कर अपने पास रखा हुआ था।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में कीर्तन दरबार का आयोजन

**हिसार।** श्री गुरु नानक सेवा समिति द्वारा मोक्ष वृद्धाश्रम में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। श्री गुरु गोबिंद सिह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस कीर्तन दरबार में रागी जत्थों ने कीर्तन व प्रवचन करके श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा के प्रतिनिधि संजीव गंगवा, पार्षद डॉ. महेंद्र जुनेजा, मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर आदि उपस्थित रहे।

### नई सब्जी मंडी में द्वादशी पर लगाया भंडारा

**हिसार।** श्रीश्याम बालाजी सेवादार संस्था द्वारा हर माह की द्वादशी को लगाए जाने वाले भंडारे की कड़ी में आज दुकान नं. 75, नई सब्जी मंडी पर 14वें भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान सुरेंद्र बालान ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के सरपरस्त सुशील गोयल, संरक्षक प्रवीन अग्रवाल, समाजसेवी बंटी गोयल ने श्याम बाबा को भोग लगाकर भंडारा वितरण का शुभारंभ किया।

### मां चंडके देवी मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ

**हिसार।** अयोध्या के श्रीराम मंदिर के निमित प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस पाठ में पंचग्राम पाबड़ा व आसपास के श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर प्रभु श्रीराम व वीर हनुमान का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मां चंडके देवी मंदिर सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, आचार्य बजरंग शास्त्री, प्रदीप शास्त्री, सुरेश तायल, सुनील नारंग, बिजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर लड्डू बांटे

**हिसार।** कृष्णा नगर फेज-एक पार्क विकास समिति के प्रधान जनक सुथार ने भगवान राम के विग्रह रुप की राम मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने की खुशी में टाऊन पार्क में लड्डू बांटे। इस अवसर पर मोनिंर्ग वॉक ग्रुप के जयसिंह ढाका, डॉ. रमेश पूनिया, विजेंद्र सिंह दलाल, मा. राजबीर, प्रताप यादव, कपूर सिंह, कैप्टन रमेश, ओमप्रकाश पंघाल, मनोज खत्री, कुलदीप, अनिल नारंग, ललित, रंजीव राजपाल, मुकेश शर्मा, सोनू, धीरज, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

### आकर्षक लाइटों से सजी आठ मरला कालोनी

**हिसार।** पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित चारों धाम पार्क व कॉलोनी सोमवार को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य एवं आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। चारों धाम पार्क वेलफेयर सोसायटी के प्रधान चन्द्र भान गांधी ने बताया कि पिछले तीन दिन से पूरे पार्क के चारों ओर तथा कॉलोनी में लाइटिंग की गई है।

## अयोध्या में हो रहे कार्यक्रम का लोगों ने बड़ी स्क्रीनों पर लाइव प्रसारण देखा

# अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर राममय हुई फिरोजाशाह नगरी

- मंदिरों में दिनभर होते रहे भजन-कीर्तन, लोगों ने मनाई दूसरी दीवापली
- शोभा यात्रा निकाली, प्रसाद बांटकर और भंडारा लगाकर मनाई खुशियां
- आज का दिन सभी भारतवासियों के लिए गौरवशाली दिवस : निकाय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरा जिला राममय हो गया है। इस मौके पर हिसार शहर में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के सभी मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ हुए। मंदिरों में दोपहर बारह बजे से आरती व भजन कार्यक्रम हुए। कई स्थानों पर एलईडी के माध्यम से अयोध्या में हो रहे कार्यक्रमों को लाइव प्रसारण किया गया। खास बात है कि शहरभर में दीपावली की तरह सजावट की गई है। शहर के प्रमुख बाजारों, चौकों को बड़े सुंदर ढंग से सजाया गया था। शहर के कई सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों की ओर से शोभा यात्रा भी निकाली। शोभा यात्रा में लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वाहनों पर राम पताका लहरा रही थी। कई संस्थाओं ने भंडारा लगाया। कार्यक्रम देर शाम तक चला। शाम को घरों में लोगों ने दीप प्रज्वलित कर खुशी मनाई और जमकर पटाखेबाजी की। इस दौरान राम भक्तों का उत्साह व उमंग देखने लायक था और जय श्री राम के जयकारों से लोग पूर्ण रूप से उत्साहित थे।






**हिसार।** सुरभि मानव कल्याण समिति द्वारा 5100 दीयों से लिखा गया जय श्री राम का भव्य दृश्य तथा ऑटो मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों के बीच अयोध्या से सीधा प्रसारण देखते निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पटेल नगर बाजार में 5100 दीयों से जय श्री राम लिखा

अयोध्या में श्री राम लला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सुरभि मानव कल्याण समिति ने पटेल नगर बाजार में 5100 दीयों से जय श्री राम लिखा। समिति पदाधिकारियों ने भजन संकीर्तन किया और प्रसाद का वितरण किया। बाजार में दुकानदारों व व्यापारियों में दीये जलाए और अपनी खुशी प्रकट की। इस अवसर पर समिति के प्रधान सुरेंद्र नारंग, श्याम मधु, बसंत छाबड़ा, गौरव बक्शी, अमित मेहता, अश्वनी चुघ, मोहन लाल, हरीश छाबड़ा, दीपक वसूजा, जयकिशन गिरधर, मुकेश, अंकुश कामरा, भूपेश व अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।



**हिसार।** प्रभात फेरी निकालते भाविप विवेकानंद शाखा के सदस्य एवं श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भाविप विवेकानंद शाखा ने निकाली प्रभातफेरी

भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा द्वारा अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों सहित शाखा सदस्यों ने प्रभात फेरी में बढ़-चढ़ कर भाग लिया व नाच गाकर श्री राम वंदना की। यात्रा संयोजक मनीष जैन ने बताया कि पारिजात चौक पर सुबह सात बजे से ही भारी संख्या में शहरवासी और शाखा सदस्य जुटना शुरू हो गए थे। यात्रा संयोजक मनीष जैन व प्रेम कश्यप के नेतृत्व में राम भक्तों की टोली परिजात चौक से शुरू हो कर मोहना मंडी, कृष्णा मंडी, अग्रवाल कालोनी, भामाशाह नगर, मलिक चौक, प्रीति नगर से होते हुए प्रेम नगर स्थित राम मंदिर पहुंची। जब यात्रा मलिक चौक स्थित निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता के निवास के आगे पहुंची तो उन्होंने सपत्नीक भगवान राम के दर्शन किए व पूजा की।

### यह ऐतिहासिक दिन भारत ही नहीं विश्व में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा : डिप्टी स्पीकर

**हिसार।** डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने सोमवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर श्री बद्री केदार रामलीला समिति विद्युत नगर द्वारा आयोजित समारोह में शिरकत की। इससे पूर्व उन्होंने रामदेव मंदिर कैमरी तथा गंगवा स्थित रामदेव मंदिर गंगवा व श्री राधा कृष्ण विश्वकर्मा जी मंदिर में आयोजित समारोह में सम्मिलित होकर आशीर्वाद लिया। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने समारोह में उपस्थित नागरिकों को कहा कि यह ऐतिहासिक दिन भारत ही नहीं विश्व में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। यह हर एक देशवासी के लिए सौभाग्य का विषय है। 500 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद भगवान श्री राम अपने घर में निवास कर रहें हैं। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज पूरी अयोध्या रघुकुल जैसी नजर आ रही है। मौके पर श्री बद्री केदार रामलीला समिति के चेयरमैन पीतांबर दत्त पांडे, प्रधान मुकेश रावत, उपप्रधान हरीश भट्टआदि मौजूद थे।



**हिसार।** समारोह में डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

### कटला रामलीला ने मनाया श्रीराम महोत्सव

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के निमित श्री रामलीला कमेटी कटला द्वारा मिलेनियम पैलेस में श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया गया। कटला रामलीला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया के नेतृत्व में मिलेनियम पैलेस में बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या के श्रीराम मंदिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखा। इस दौरान पूरा परिसर जय श्री राम के जयकारों से गुंज उठा। प्राण प्रतिष्ठा होते हुए भव्य आतिशबाजी भी की गई।

### निकाय मंत्री ने ऑटो मार्केट के बाला जी मंदिर में देखा लाइव

ऑटो मार्किट के बाला जी मंदिर में आटो मार्केट हिसार ट्रेड वेलफेयर एसोशिएसन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने एलईडी पर सीधा प्रसारण देखा। इस मौके पर डॉ. गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सब भारतवासियों के लिए इतिहासिक, गौरवशाली व सौभाग्य का दिन है। आज सारा राष्ट्र उल्लास, उमंग और भक्ति से परिपूर्ण है।भाव विभोर करने वाले इस क्षण के लिए हम कब से आतुर औ उत्सुक थे। हमने पांच सौ वर्ष तक किए गए संघर्ष का परिणाम अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि के भव्य मन्दिर में भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होते हमने अपनी आंखों से देखी है। इस अवसर पर बिट्टू गोयल, नरेश सिंघल, महावीर जांगड़ा, सुरेश गोयल धूप वाला, कृष्ण बिश्नोई, प्रवीण कैंडिया, अनूप गुप्ता, हरिसिंह बेनीवाल, इंद्रजीत, कौशल जिंदल, संजय जैन, बजरंग सिंगल, संजय सिंगल, नवदीप जैन आदि उपस्थित थे।

### भाजपा जिला कार्यालय में मनाई दिवाली

**हिसार।** अयोध्या में श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिला भाजपा कार्यालय में दीवाली मनाई गई। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की मौजूदगी में व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ की अध्यक्षता में कार्यकताअरं ने दीए जलाए, पटाखे फोड़े व मिठाई बांटी। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि इस बार देश में दो दीवाली मनाई जानी है। एक तो दीवाली के दिन और एक आज अयोध्या के श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन। देशवासियों व सनातन प्रेमियों को इस दिन का वर्षों से इंतजार था और उनका यह सपना आज पूरा हुआ। हम सौभाग्यशाली हैं कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को खुद देख रहे हैं। जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने इस अवसर पर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत पूरे देश का माहौल राम मय हो गया है। इस अवसर पर महामंत्री प्रवीण पोपली, प्रवीण जैन, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, कृष्ण खटाना, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, पूर्व पार्षद अमित ग्रोवर, नीलम टुटेजा, प्रोमिला पूनिया, आरती ठाकुर, अमिता भसीन, मंडल अध्यक्ष सुशील बुड़ाकिया, बहादुर सिंह नंगथला, डॉक्टर हेमंत आहुजा, लोकेश अनेजा, वीरेंद्र मेहता, विनोद तोसावड़, महेंद्र सिंह पानू, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार व मनोज केसरी, प्रदीप भसीन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में दीपवाली मनाते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

# किसान व मजदूर मिलकर आज करेंगे लघु सचिवालय का घेराव

- संयुक्त किसान मोर्चा का पक्का मोर्चा 20वें दिन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा का पक्का मोर्चा सोमवार को 20वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता सुनील ग्रेवाल चौधरीवास ने की और संचालन बिंदर सहारण व सेठी सिहाग ने संयुक्त रूप से किया।

किसान नेताओं ने कहा कि 2022 का 72 गांवों का बकाया फसल बीमा क्लेम तुरन्त प्रभाव से जारी किया जाए, 2022 व 23 का प्रीमियम रिफंड की गई बीमा पॉलिसी केसों का फसल बीमा क्लेम मंजूर किया जाए, जलभराव, गुलाबी सुंडी, सूखे की वजह से बर्बाद हुई फसल का 2020 से 2022 का बकाया मुआवजा तुरंत प्रभाव से जारी हो और 2023 का फसल मुआवजा मंजूर किया जाए आदि मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा, हिसार का जिला मुख्यालय पर 3 जनवरी से धरना जारी है, लेकिन सरकार और प्रशासन 20 दिन के धरने के बावजूद भी किसानों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रहे। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा ने बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है जिसमें कल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करके घेराव किया जाएगा।

इस मौके पर सोमबीर, प्रवीण कुराड, माइकल तरड़, देवेंद्र सहारण, आयुष सहारण, गौरव महला, नवीन चौहान, कालिया सिहाग, विमला तरड़, ईश्वर ग्रेवाल, गोलू डाटा, हर्षदीप गिल, कृष्ण पाली, दिलबाग हुड्डा, अनिल बैंदा, कपूर सिंह बगला, रमेश मीरकां आदि मौजूद थे।



**हिसार।** लघु सचिवालय पर चल रहे बेमियादी धरने पर बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

### लोहे के गेट चोरी के मामले में आरोपी काबू

**हिसार।** पुलिस की वाहन चोरी निरोधक टीम ने डीएसपी गौरव शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक और सरकारी जगहों पर लगे लोहे के गेट चोरी के मामले में गेट खरीदने वाले को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने तीन आरोपितों नंगथला में रह रहे आदमपुर मंडी निवासी बलजीत सिंह, अरुण व राहुल को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से दो आरोपितों बलजीत व राहुल को पेश अदालत कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने मामले में एक और आरोपित सरसाना निवासी संदीप उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित बलजीत, राहुल और अरुण ने अलग अलग सार्वजनिक और सरकारी जगहों पर लगे लोहे के गेट चोरी कर आरोपित संदीप उर्फ गोलू को बेचे थे। पुलिस ने आरोपित संदीप उर्फ गोलू से दो लोहे के गेट बरामद किए है। संदीप को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पहले से रिमांड पर चल रहे दो आरोपितों बलजीत व राहुल को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# गोशाला में आए मंत्री को धरने पर बुलाकर रखी रोड संबंधी मांग

- समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली ने मंत्री के समक्ष रखी ग्रामीणों की समस्याएं व मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

पिछले 352 दिनों से तलवंडी राणा बाइपास पर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली की अध्यक्षता मे गांव तलवंडी राणा की गोशाला के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के काफिले को रुकवाकर उनसे रोड बारे बातचीत की। ग्रामीणों ने उन्हें धरने पर बुलाकर तलवंडी राणा का रोड बंद करने से ग्रामीणों को आ रही भारी परेशाानियों से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा अभी तक स्थायी रोड के रूप में केवल 2.6 किमी का रोड ही दिया गया है जिस पर काम चालू हुआ है लेकिन बाकी बचे लगभग 3 किमी के रोड के संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई चालू नहीं हुई है। कोहली व ग्रामीणों ने मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से पूछा कि क्या ग्रामीणों की स्थाई रोड की मांग नाजायज है। इस पर मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि आप लोगों मांग बिल्कुल जायज है। आधा रोड बन रहा है बाकी बचे रोड को बनवाने के लिए वे अपने स्तर पर ऊपर बात करूंगा और शीघ्र स्थायी रोड पूरा करवाने के पूरे प्रयास करूंगा।



**हिसार।** मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को साथ स्थायी रोड के संबंध में जानकारी देते तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओपी कोहली। फोटो : हरिभूमि



**हिसार।** हड़ताल के लिए तैयारियां करते रोडवेज सांझा मोर्चा के नेता। फोटो : हरिभूमि

### कल होगा रोडवेज का पेन व पहिया जाम

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने 24 जनवरी को की जाने वाली हड़ताल की तैयारियां तेज कर दी है। इसके साथ ही सांझा मोर्चा ने हड़ताल के प्रति सरकार की नकारात्मक नीति की कड़ी आलोचना की है। इस संबंध में हिसार डिपो में सांझा मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें हड़ताल की तैयारियों की समीक्षा की गई। सभी यूनियनों ने एक स्वर से कहा कि सरकार की वादाखिलाफी व नकारात्मक रवैये के खिलाफ होने वाली हड़ताल ऐतिहासिक होगी और उस दिन एक भी बस नहीं चलेगी। बैठक में यूनियन पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने हड़ताल के प्रति अपना जोश जाहिर किया करते हुए सरकार की नकारात्मक नीति व सोच के प्रति गुस्सा जताया। सांझा मोर्चा नेता राजबीर दुहन एवं सुरेश स्याहड़वा, अजय दुहन, अरुण शर्मा, नरेन्द्र खरड़ ने कहा कि हरियाणा रोडवेज का प्रत्येक कर्मचारी 24 जनवरी को पेन और पहिया जाम करेगा। यदि सरकार फिर भी समस्याओं का हल नहीं करती है तो 24 जनवरी की हड़ताल को अनिश्चितकाल में भी तब्दील किया जा सकता है। मौके पर नरेन्द्र सोनी, दर्शन जांगड़ा, सुभाष ढिल्लो, अमित जुगलान, राजकुमार चौहान, अरुण शर्मा, दयानंद सरसाना, बलवान ठाकुर आदि मौजूद थे।

## डीसी ने लुवास के नए कैंपस का किया निरीक्षण, तैयारियां जोरों पर

# सीएम कल करेंगे लुवास के नए परिसर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

उपायुक्त उत्तम सिंह व पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने सोमवार को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के नए कैंपस का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने लुवास में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को एंट्री प्वाइंट व एग्जिट प्वाइंट, बैरिकेडिंग, लाइट, साउंड सिस्टम, जलपान तथा शौचालयों की व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीआईपी, वीवीआईपी तथा नागरिकों के बैठने के लिए अलग-अलग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण संबंधित लंबित कार्यों को जल्द निपटाकर कैंपस की साफ-सफाई के भी निर्देश दिए।



**हिसार।** लुवास के नए कैंपस का निरीक्षण करते डीसी उत्तम सिंह, एसपी मोहित हांडा व अन्य।

पायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को सुबह लुवास के नए कैंपस परिसर में मुख्य प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास व ईटीआईवीएफ प्रयोगशाला सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन/नींव रखेंगे।

पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की हिदायत दी है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, लुवास के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा, एचएसएएमबी के जोनल एडमिनिस्ट्रेटर विकास यादव, हिसार के एसडीएम जयवीर यादव, सीआईडी से डीएसपी अजय शर्मा व एएसपी कृष्ण कुमार, गोरखपुर पावर प्लांट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## हांसी शहर में हर ओर थी राम नाम की धूम

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मंदिरों में किया सीधा प्रसारण

### अयोध्या में राम मंदिर में आयोजित श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान राममय नजर आया हांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अयोध्या में राम मंदिर में आयोजित श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते सोमवार को हांसी शहर और आस-पास के सभी गांव भक्ति मय और राममय नजर आए। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर में रामलला के राघव रुप के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हर ओर हर्ष और उल्लास का वातावरण नजर आया। इस अवसर के लिए सभी गांव व हांसी शहर के सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान के उपरांत हवन-यज्ञ के उपरांत राम भक्तों को अयोध्या में होने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण दिखाने के लिए मंदिरों व शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर बड़ी बड़ी एलईडी लगाई गई थी। जहां बड़ी संख्या में रामभक्तों ने अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देखा। अयोध्या में हो रहे श्री राम के जयघोष के यहां भी रामभक्तों ने श्री राम के जयघोष के साथ शहर को गुंजायमान कर दिया। वहीं शाम को दीपमाला कर व पटाखे फोड़ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को दीपावली उत्सव के रूप में मनाया। अयोध्या में हो रहे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का शहर सहित सभी गांव में उत्सव के जैसा माहौल रहा, इस दौरान हर कोई अपने अपने तरीके से इस अवसर को यादगार बनाने का प्रयास व अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता नजर आया।

इस अवसर पर शहर के सबसे प्राचीन व प्रसिद्ध श्री काली देवी मंदिर में 20 फुट की स्क्रीन पर अयोध्या में भगवान श्री राम के रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव टेलीकास्ट देखने के उपरांत विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



हांसी। श्री श्याम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित निशान यात्रा में भाग लेते विधायक विनोद भयाना व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

वहीं श्री श्याम मंदिर में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व निशान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। निशान यात्रा में विधायक विनोद भयाना श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राय मितल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट मंडल हांसी के प्रधान विनय जैन सहित सैकड़ों राम भक्त महिला और पुरुषों ने श्री राम नाम के निशान के साथ श्री राम के नाम का गुणगान करते हुए नगर भ्रमण किया। इसके अतिरिक्त शहर में बजरंग आश्रम, श्री राम मंदिर, समाधा मंदिर, श्री विष्णु भगवान मंदिर, श्री ज्ञानानंद मंदिर, श्री सालासर बालाजी धाम, माता मंदिर, लक्ष्मण चौतरा मंदिर, बाबा रामदेव मंदिर सहित सभी मंदिरों, तीर्थ स्थलों व विभिन्न सामाजिक तथा धार्मिक द्वारा सुंदरकांड का पाठ व पुजा अर्चना कर दीपमाला व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## लोकहित मंच द्वारा स्थापित किया गया श्री राम मंदिर का प्रतिरूप, भक्तों का उमड़ा हुजूम

- प्रसिद्ध चित्रकार विपिन बाबा ने गढ़ा है मंदिर का अद्भुत स्वरूप
- भगवान राम का चरित्र समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए है प्रेरणादायी : धर्मवीर रतेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर राष्ट्रीय स्वाभिमान पुनर्जागरण का प्रमाण है। इसके निर्माण से सनातन धर्म के अनुयाइयों में अभूतपूर्व उत्साह का संचार हुआ है। भगवान राम का चरित्र समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणादायक है। भगवान राम का चरित्र सभी के लिए आदर्श प्रस्तुत करता है। यह बातें लोकहित मंच के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने जींद चौक पर श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रतिरूप स्थापित करने के अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ के सम्पन्न होने के पश्चात श्री रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहे। हवन यज्ञ में धर्मवीर रतेरिया ने अपनी पत्नी स्नेहलता रतेरिया सहित मुख्य यजमान के तौर पर भाग लिया। जींद चौक पर स्थापित मंदिर में भक्तों का दर्शनों के लिए लगातार हुजूम उमड़ रहा है।

संस्था के महासचिव मनमोहन तायल ने बताया कि श्री राम मंदिर का प्रतिरूप लोकहित मंच के सांस्कृतिक सचिव सुप्रसिद्ध चित्रकार विपिन बाबा ने गढ़ा है जिसे 20 दिनों की कड़ी मेहनत से राम नाम का जाप करते हुए बनाया गया। इस अवसर पर प्रवीण बंसल, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण यादव, दिनेश कुमार, राजेश मंगल, नवीन कौशिक, धर्मपाल तायल, मनजीत जांगड़ा, सुरेन्द्र गोयल, अनिल जोगी, तनुज खुराना, मनमोहन तायल, डॉक्टर लवकेश टुटेजा, राजकुमार वर्मा, ईश्वर बडाला, गौरव भारतीय, सुमित आदि मौजूद थे।



हांसी। श्री राम मंदिर का प्रतिरूप स्थापित करने पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## अग्रोहा शक्तिपीठ में बड़ी धूमधाम से बनाया राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह

हिसार। अग्रोहा शक्तिपीठ (अग्र विभूति स्मारक) में सोमवार को राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह बहुत ही धूमधाम से बनाया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के सानिध्य में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम हवन यज्ञ करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात राम जन्म भूमि आंदोलन के नायक अशोक सिंघल और अपनी शहादत देने वाले राम कोठारी और शरद कोठारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने कहा कि 500 साल के बाद राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का ये अवसर हमारे जीवन का आनंदित पल है और काफी लंबे संघर्ष के बाद यह अवसर मिला है। संध्या में 1008 दीप प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया।



हवन में आहुति डालते राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## भगवान श्री राम के आदर्शों व शिक्षाओं को जीवन में अपनाएं : प्रो. काम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अयोध्या में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय सभागार में श्री रामलला जी प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे जबकि राज्य सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता, मौलिक एवं मानविकी विज्ञान महाविद्यालय डॉ नीरज कुमार ने की। कुलपति प्रो. बीआर कंबोज ने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम ने अपना पूरा जीवन सन्यासी की तरह गुजारा था, यह सब समर्पण ही था। भगवान श्री राम के चरित्र से हमे सीखना चाहिए कि भाई-भाई का प्यार, बड़ों का आदर व प्रण की अनुपालना कैसे की जाती है और उन बातों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विश्वविद्यालय के प्रांगण में प्रभु श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

## विधायक ने पावन धाम श्री बजरंग आश्रम में राम भक्तों के बीच बैठकर देखा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

- भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में व्यावहारिक रूप से अपना कर भारत को बनाएं दुनिया का सिरमौर : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अयोध्या में नवनिर्मित श्री राम के मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सोमवार को बजरंग आश्रम में सीधा प्रसारण किया गया। विधायक विनोद भयाना ने पावन धाम श्री बजरंग आश्रम में राम भक्तों के बीच बैठकर अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। विधायक विनोद भयाना की अगवाई में शहर भर में भगवान श्री राम की शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बाबा श्री श्याम मंदिर से शुरू हुई और पंचायती रामलीला मैदान, दिल्ली गेट, बजरिया चौक, प्रताप बाजार, सदर बाजार व शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होती हुई वापस बाबा श्री श्याम मंदिर पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान विधायक विनोद भयाना ने उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन में अपनाये व दूसरों को भी जीवन में व्यावहारिक रूप से शामिल करने की अपील करें ऐसा करके हम भारत को एक बार फिर से विश्व गुरु और दुनिया का सिरमौर बना सकते हैं।



हांसी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान बजरंग आश्रम में पूजा अर्चना करते विधायक विनोद। फोटो : हरिभूमि

## प्रभु श्री राम भारतीय मूल्यों के ध्वजवाहक

- श्री राम लला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राममय रहा गुजवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर यहां का गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय श्री राममय रहा। इस दौरान अयोध्या में हुए श्री राम मंदिर में श्री राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लाइव प्रसारण देखा। विश्वविद्यालय परिवार ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. वंदना बिश्नोई की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुरु जंभेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान परिसर में हुए लाइव प्रसारण कार्यक्रम को देखने आए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरु जंभेश्वर जी भगवान की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए तथा त्रिवेणी रोपित की।

कुलपति ने कहा कि यह सनातन तथा भारतीय संस्कृति के लिए अत्यंत गौरवमयी क्षण है। प्रभु श्री राम भारतीय मूल्यों तथा सिद्धांतों के ध्वजवाहक हैं। लाइव प्रसारण समारोह आरंभ होने से पूर्व विश्वविद्यालय में श्री राम दरबार की झांकी भी निकाली गई। श्री राम दरबार की झांकी की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने की।



हिसार। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## श्री रामचंद्र जी श्री विष्णु के अवतार थे : गर्ग

- अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर पर धाम में अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने पूजा अर्चना की, अग्रोहा धाम में लाइटों से सजाया गया, घी के दीप जलाए गए और भंडारा का कार्यक्रम रहा। ऑटो मार्केट ट्रेड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ऑटो मार्केट में हवन-पूजन, शोभा यात्रा व भंडारे का कार्यक्रम को अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि भगवान श्री रामचंद्र जी श्री विष्णु के अवतार थे। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम सभी के कण-कण में बसे हुए हैं। इस अवसर पर ऑटो मार्केट ट्रेड वेलफेयर एसोसिएशन प्रधान बंटी गोयल, अग्रोहा धाम शास्त्री गिरीश शर्मा, नरेश सिंगल, राम भगत गुप्ता, नारायण दास बंसल, रोशन लाल गोयल, हंसराज नारंग, बलदेव ग्रोवर, ईश्वर गोयल, अनूप गुप्ता, गोकुल नारंग आदि मौजूद थे।



हिसार। शोभायात्रा में भाग लेते अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण कल

हिसार। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में नवीन कुमार वर्मा करेंगे।

## राम आगमन महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संदर्भ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर श्रीनगर से असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ सोनिया सहरावत उपस्थित हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि सोनिया सहरावत ने कहा कि श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे जिन्होंने अपने व्यक्तित्व द्वारा पूरी दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं का प्राध्यापिका पूनम शर्मा के निर्देशन में राम के जीवन को दर्शाते विभिन्न दृश्यों का एक नाटक के माध्यम से भव्य मंचन किया गया। इस मौके पर भजन गायन, दोहा पाठ, रंगोली व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भजन गायन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा निशा ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंशिका ने द्वितीय स्थान व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



हिसार। श्री राम जीवन पर आधरित नाटक का मंचन करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि



## हाजमपुर में हवन व भंडारे का आयोजन

हांसी। भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व भगत धन्ना सेवा समिति की प्रधान गायत्री देवी ने सोमवार को गांव हाजमपुर में अयोध्या में नव निर्मित श्री राम मंदिर में विराजे राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर गायत्री देवी ने लोगों के साथ पूरे गांव में जय श्री राम के जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर सुंदर, सलीम, जय किशन, सुमित, विनीत, रवि, अनिल बिश्नोई, पिंकी आदि मौजूद थे।

## राम लला प्राण प्रतिष्ठा का दिन देशवासियों के लिए ऐतिहासिक : आशा खेदड़

हिसार। अयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिलेभर में हवन एवं प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नागरिकों में अनूठा उत्साह देखा गया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ के पैतृक गांव खेदड़ में सोमवार को हवन यज्ञ के साथ अनेक कार्यक्रम किए गए। गांव के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने कहा कि आज का दिन देशवासियों के लिए बहुत ही ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन का वर्षों से इंतजार था और हम आज खुशकिस्मत हैं कि भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीताराम, धर्मबीर फौजी, शमशेर जांगड़ा, सुभाष मास्टर, राजेश शर्मा, कृष्ण सोनी, नरेश सहारण, लक्ष्मण शर्मा, जिलेसिंह, नरेश, पालाराम, रामनिवास, अजय जागलान सहित सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।



## प्रभु श्री राम से सभी की आस्था



हिसार। तरसेम नगर स्थित मंदिर सिद्ध बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर के मुख्य सेवक प्रबंधक रामचरण गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 21 जनवरी रविवार को मंदिर में सायं 4 से 7 बजे तक संकीर्तन किया गया इसके उपरांत भंडारा लगाया गया। रामचरण गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर को लाइटें लगाकर भव्य रूप से सजाया गया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम से सभी की आस्था जुड़ी हुई है। सत्संग के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।



## धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

नारनौंद। अयोध्या में हो रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को नारनौंद सहित पूरे क्षेत्र में धूमधाम, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों में अपार उत्साह था। मंदिरों को सजाया गया था। कस्बे के बूढ़ा महादेव मंदिर से सुबह श्रीराम गुण गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई जो बाजार, जींद रोड व कस्बे की अनेकों गलियों से होते हुए व वापिस शिव मंदिर पहुंची। इसके बाद हवन का आयोजन हुआ तथा अयोध्या में हो रहे प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लाइव टेलीकास्ट कर दिखाया गया। इस अवसर पर कस्बे के बूढ़ा महादेव मंदिर, सब्जी मंडी, हनुमान मंदिर, गौतम कालोनी के शिव मंदिर आदि स्थानों पर प्रसाद बांटा गया।

## भगतसिंह फाउंडेशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

# मीनू कालीरमन व सियाज पूनिया को बनाया नशा मुक्त हरियाणा का ब्रांड एंबेसडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भगत सिंह फाउंडेशन ने अपनी नशा मुक्ति अभियान को आगे बढ़ाते हुए मीनू कालीरमन व सियाज पूनिया को नशा मुक्त हरियाणा का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस संबंध में भगतसिंह फाउंडेशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में भगतसिंह फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू कादियान मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंची।

बैठक में भगत सिंह फाऊंडेशन ने नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के आगे बढ़ाते हुए सियाज पूनिया व मीनू कालीरमन को नशा मुक्त हरियाणा का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। सियाज पूनिया जो कि एक एथलीट है और विभिन्न प्रतियोगिताओं मे पदक प्राप्त कर चुकी है।

मीनू कालीरमन पर्वतारोही है, जो माउंट एवरेस्ट तथा माउंट लहोत्से, माउंट किलिमजरों, माउंट मेरा पीक आदि पर्वत चोटी फतह की हुई है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पहुंची भगतसिंह फाऊंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेनू कादियान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रदेश सोशल मीडिया कार्डिनेटर सचिन जांगड़ा, सतीश कुमार, महिला प्रदेशाध्यक्ष नीरू देवी, मेहरबान कसाना, मांगेराम डिंग, वर्षा जांगड़ा, प्रोमिला सदलपुर, अरविंद आर्य, जगदीप कटारिया, सन्नी कुमार, अरविंद गोदारा, राहुल काबड़ी, अनिल मिटान, अमित, तनिष्क मल्होत्रा आदि मौजूद रहें।



हिसार। ब्रांड एंबेसडर मीनू कालीरमन व सियाज पूनिया के साथ प्रदेशाध्यक्ष रेनू कादियान। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### जिंदल स्टेनलेस ने तरुण को सीईओ किया नियुक्त

**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। हाल ही में हुई एक बैठक में, बोर्ड ने पेशेवर रूप से प्रबंधित और एकीकृत संगठन संरचना स्थापित करने के उद्देश्य से इस निर्णय को अपनी मंजूरी दी। बोर्ड ने कंपनी का नेतृत्व करने के लिए खुल्बे के असाधारण नेतृत्व कौशल, रणनीतिक दृष्टि और आधारभूत सिद्धांतों के प्रति समर्पण को भी स्वीकार किया है। जेएसएल विकास और विस्तार के अगले चरण में प्रवेश करने के कगार पर है जिसके लिए प्रमोटर कार्यकारी निदेशक की रणनीतिक भागीदारी की आवश्यकता है। वह मुख्य कार्यकारी के अलावा पूर्णकालिक निदेशक के पद पर बने रहेंगे जिस पर वह मई 2018 से हैं।

### श्री श्याम बाबा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पर हवन

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में श्री श्याम बाबा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मंदिर में स्क्रीन पर श्रद्धालुओं रामलला प्राण प्रतिष्ठा और अनुष्ठान को भी देखा। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या के श्री राम मंदिर में राम लला के आगमन के दिन हुए मॉडल टाउन में श्री श्याम बाबा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह रहा। भक्तों ने भजन कीर्तन कर हवन में आहुति अर्पित की और भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरेंद्र अरोड़ा, अनिल धवन, राजेंद्र नांगरू, सचिन भल्ला, मोनू नांगरू, राधे श्याम सेतिया, प्रदीप गोयल व अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।

### चिकित्सा शिविर का 180 लोगों ने उठाया लाभ

**हिसार।** विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव भोजराज में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दादा भूमियांखेड़ा वेलफेयर ट्रस्ट का भी विशेष योगदान रहा। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच व हड्डी रोग जांच करके उचित परामर्श दिया गया। शिविर में भोजराज व आसपास के क्षेत्रों के 180 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान रामनिवास अग्रवाल सीए, प्रणय अग्रवाल, डॉ. एम. के. गर्ग, प्यारेलाल, विनोद फगेरिया, अजीत खलेरी, श्याम फागरी, जयप्रकाश व रजनीकांत आदि उपस्थित रहे।

### मंत्री ने भामाशाह नगर पार्क में तिरंगा फहराया

**हिसार।** भामाशाह नगर वैलफेयर सोसायटी की तरफ से भामाशाह नगर के पार्क में रामलला के राम मंदिर में विराजमान होने की खुशी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस भी मनाया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित होकर सभी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सोसायटी के प्रधान सत्यकाम आर्य को ग्रीन हिसार क्लीन हिसार अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर स्मृति चिह्न देकर स6मानित किया। समारोह में गौ सेवा आयोग हरियाणा सरकार के अध्यक्ष श्रवण गर्ग, पशुपालन व डेयरी विभाग के उपनिदेशक सुभाष जांगड़ा, समाजसेवी कमल सर्राफ, गौ सेवा आयोग के सदस्य अश्विनी लाहोरिया आदि उपस्थित रहे।

## श्री राधा कृष्ण गोशाला धांसू में दिखाया श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसारण

# हम प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने हैं : हरीश वर्मा

भारी संख्या में धांसू व आसपास के गांवों से ग्रामीण इस दिव्य कार्यक्रम को देखने पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री राधा कृष्ण गोशाला धांसू में भगवान श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाया गया। भारी संख्या में धांसू व आसपास के गांवों से ग्रामीण इस दिव्य कार्यक्रम को देखने पहुंचे। इस अवसर पर सनातन गोरक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों से जुड़े समाजसेवी हरीश वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह क्षण हमें यूं ही नहीं मिला है।

इसमें अनेक राम भक्तों की वर्षों की तपस्या, संघर्ष एवं बलिदान है। हम लोग बड़े ही सौभाग्यशाली हैं जो आज इस ऐतिहासिक और दिव्य क्षण के साक्षी बन रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामचंद्र बिश्नोई, रामनिवास सैनी, सुभाष बिश्नोई, राम प्रताप बामल, सीता राम बिश्नोई, मान सिंह राजपूत, पशुपति महंत माई राणी मंदिर, वेद प्रकाश बैनिवाल, कुलदीप पहल, सुरजीत, प्रेम कुमार ज्याणी, प्रकाश मालिया, डॉ. धर्मवीर पहला, साधुराम सरपंच, संजय आदि मौजूद रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी हरीश वर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि



### जाट धर्मशाला कॉम्पलैक्स में लड्डू बांटकर मनाई खुशी

*हिसार। अयोध्या में भगवान राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में यहां के जाट धर्मशाला कॉम्पलैक्स के दुकानदारों व अन्य गणमान्य नागरिकों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। दुकानदारों ने जय श्री राम के नारे लगाए और मार्केट में तथा आने-जाने वालों को लड्डू बांटे। सभी दुकानदारों ने कहा कि आज देश के लिए बहुत की खुशी का दिन है कि हमें वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर मिला है। इस अवसर पर मुख्य रूप से रघबीर सिंह, दीपक सिहाग, मुकेश ठकराल, राकेश चांदना, बंसी बांगा, रमेश, अनुज कश्यप, रॉकी, सोमवीर बैनीवाल, सज्जन सैनी, अनिल सैनी, ओमप्रकाश बांगा, दीपक चुघ, योगेश जांगड़ा, कुलदीप शर्मा, प्रदीप कुंडू व संजय सहित अनेक दुकानदार उपस्थित रहे।*



हिसार। शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी में स्क्रीन पर सीधा प्रसारण देखते श्रद्धालु।

## शिव मंदिर, एमसी कॉलोनी में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

- श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्री शिव मंदिर ट्रस्ट, एमसी कॉलोनी के तत्वाधान में मंदिर प्रांगण में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई। मन्दिर के प्रधान राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि सीधे प्रसारण के दौरान भगवान राम के जयकारों से मंदिर पंडाल गूंज उठा। सैंकड़ों लोगों ने भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने दीपक जलाकर भगवान श्रीराम का अभिनंदन किया। कार्यक्रम की सामाप्ति पर भंडारा चलाया गया। समापन पर लड्डूओं का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर रामनिवास गोयल, सीताराम, संजय डालमिया, बंसीलाल मल्होत्रा, राकेश अग्रवाल, चन्द्र अग्रवाल, वीरेन्द्र गुप्ता, रामनिवास आदमपुरिया, सजय आदमपुरिया, सुशील रहेजा, अनिल कुमार, आरएस पानु, राजेश सैन आदि उपस्थित रहे।



हिसार। प्रभु श्रीराम की झांकी निकालते महंत राजेश्वरानंद व श्रद्धालु।

### रामभक्तों की तपस्या लाई रंग: राजेश्वरानंद

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम द्वारा आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद के सानिध्य में अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्री राम की सुंदर एवं मनमोहक झांकी निकाली गई। इस अवसर पर महंत राजेश्वरानंद ने कहा कि अनेक राम भक्तों की वर्षों की तपस्या, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आज हमें यह ऐतिहासिक पल देखने को मिल रहा है। आज हर देशवासी के लिए गर्व एवं खुशी का विषय है। इसलिए इसे हमें उत्सव के रूप में दीपावली की तरह की मनाना चाहिए क्योंकि प्रभु श्री राम कलियुग के वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या नगरी में विराजमान हुए हैं। उन्होंने सभी से दीपावली की तरह दीप जलाकर इसकी खुशी मनाने का आह्वान किया।

## अयोध्या राम मंदिर दर्शन व प्रसाद के नाम पर होने वाली ठगी से रहे सावधान : एसपी

- पुलिस ने साइबर ठगी के प्रति नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



मोहित हांडा, एसपी

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में भगवान राम के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है। साइबर ठग आमजन से ठगी करने के लिए नए नए तरीके आजमा रहे है। राम मंदिर के नाम पर चंदा मांगकर, वीआईपी पास और एंट्री के नाम पर नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर सकते है।

राम मंदिर के नाम से बनाई गई फर्जी वेबसाइट के जरिए भी ठगी हो सकती है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि अगर किसी के पास राम मंदिर से संबंधित कोई मैसेज आ रहा है, जिसमें चंदा, वीआईपी पास, प्रसाद के लिए पैसे की बात की जाए तो सावधान रहें, ये धोखेबाज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर साइबर ठगों द्वारा लोगों की आस्था का फायदा उठाकर आमजन से ठगी की शिकायतें सामने आई है।

### दीपोत्सव आह्वान अभियान संपन्न

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग, सेवा फाउंडेशन, यज्ञ हवन विश्व कल्याण एवं लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट का अयोध्या में बनने जा रहे भव्य श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घर-घर दीए जलाकर दीपोत्सव मनाने का तीन दिवसीय आह्वान अभियान का सोमवार को लक्ष्य पूर्ण होने के साथ समापन हुआ। दीपोत्सव आह्वान अभियान के तहत वार्ड नंबर एक दो व 20 में घर-घर जा कर 5100 दिए वितरित किए गए तथा साथ ही आह्वान किया गया कि अपने घरों, प्रतिष्ठानों, गली-मौहलों में सफाई, सजावट, रोशनी व दीपक प्रज्वलित कर दीपावली जैसा दीपोत्सव मनाए। अभियान का नेतृत्व सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने किया। दुनीचंद गोयल, अनिल सिंगल मंगाली वाले, रतन बंसल खेड़ा वाले, पवन मित्तल बीज वाले,सत्य प्रकाश आर्य, रमन गोदारा, अदिति पारीक, अनिल आदि का सहयोग रहा।

## विष्णु भगवान मंदिर में किया हवन

- प्राण प्रतिष्ठा से 500 वर्षों से झेल रहे दर्द पर लगा मरहम : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से 500 वर्षों के दर्द पर मरहम लगा है। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुर्नस्थापना हुई है। आज देश का प्रत्येक व्यक्ति रोमांचित हैं। यह बातें श्री विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने विष्णु भगवान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहे। श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री विष्णु भगवान मंदिर में पुजारी पुरुषोत्तम जोशी ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग, अमरनाथ, जयभगवान, मनजीत सिंह जांगड़ा, अनिल जोगी, अमन तायल, कमल अग्रवाल, ओमपाल यादव, धारा सिंह सैनी उपस्थित रहे।



हांसी। अयोध्या में रामलला की सफल प्राण प्रतिष्ठा के लिए हवन-यज्ञ करते विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### सुंदर नगर में प्रभु राम का किया सिमरन

**हिसार।** अयोध्या श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हिसार के सुंदर नगर वार्ड 2 में नगर निगम पूर्व पार्षद कमला बंसल, सेवा भाव ट्रस्ट के प्रधान मुकेश बंसल, विश्व हिन्दू परिषद के प्रधान आरके गुप्ता, उपप्रधान रविन्द्र गोयल, श्यामजी, सुंदर नगर एसोसिएशन प्रधान कैलाशो देवी, राजकुमार बैनीवाल, पुष्पा देवी व अन्य धार्मिक संस्थाओं और श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया। भगवान श्रीराम का गुणगान करते हुए राम नाम का सिमरण किया। इस अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया।

### ग्रीन-सिटी में भक्तों ने लाइव देखा प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**हांसी।** ग्रीन-सिटी के सेक्टर 2 में सोमवार को अयोध्या में आयोजित भगवान श्री रामलला के अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भक्तों ने लाइव देखा। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठित होने पर श्रद्धालुओं ने जय श्री राम का गगनभेदी उद्घोष किया एवं श्री राम जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व हरियाणा सरकार में व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अशोक कनौजिया ने कहा कि आज 500 वर्षो के अयोध्या में श्री रामलला अपने भव्य मन्दिर में पधारे है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और गौरव की बात है। मौके पर सौरभ कथूरिया, कुलदीप हिन्दुस्तानी, रामबिलास वर्मा, प्रिंस ठकराल, प्रवीण सिंगला, पवन सैनी, बृजेन्द्र सिंह, सविता रानी, मनीश व विशाल आदि उपस्थित थे।



### आदमपुर के मंदिरों में सत्संग हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंदिरों में सोमवार को सत्संग हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आदमपुर हनुमान मंदिर एवं संत नामदेव मंदिर में महिला सत्संग मंडली द्वारा सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, सचिव कमल बंसल, संदीप गोयल, निरंजन बंसल, मनोज गर्ग, सुभाष महेश्वरी, ताराचंद बिंदल, वेद सदलपुरिया, मुनीष इलाहाबादी, मुनेश, जोगेंद्र इलाहाबादी, मुकेश शर्मा, पन्नालाल शर्मा, भागीरथ शर्मा, विनोद नामदेव आदि मौजूद रहे।



हिसार। जनरल बाडी मीटिंग के दौरान इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सदस्य।

### डॉ. तरुण कालरा बने इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रधान

**हिसार।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में वर्ष 2024-2025 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सभी की सहमति से डॉ. तरूण कालरा को एसोसिएशन का प्रधान, डॉ. अर्चना व डॉ. आदिति को उप प्रधान, डॉ. दीपक नागपाल प्रेसिडेंट इलेक्ट, डॉ. सचिन मित्तल सचिव, डॉ. निशा सह सचिव व डॉ. दिप्ती को कोषाध्यक्ष तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य चुने गए है। डॉ. तरूण कालरा की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने फैसला किया है कि इस साल आईडीए एसोसिएशन दंत रोगों की रोकथाम व इस बारे जागरुकता पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी।

## पुलिस टीमों ने महिलाओं को किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उन्हे अधिकार व सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम नें बस स्टेंड व गुजवि में महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही पुलिस की नजर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों पर भी रही। महिला पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में बस स्टेंड और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने वालों पर निगरानी रखी।

### बुर्राह ने पेश किया 'मिठिये मोरनिये' गीत

**हिसार।** अपने अनोखे सांस्कृतिक प्रभावों से भरे अंदाज और समकालीन विद्रोही भावना के अनूठे मिश्रण के लिए मशहूर, गायक-गीतकार बुर्राह ने एक मोहक गीत 'मिठिये मोरनिये' पेश किया है। यह ट्रैक दिल टूटने की कच्ची भावनाओं और खोए हुए प्यार के दर्द को उजागर करता है, और परंपरा को आधुनिक कहानी से मिलाकर एक मधुर संगीतमय सफर पर ले जाता है, जो सच्चा और अपना महसूस होता है। बुर्राह ने कहा 'मिठिये मोरनिये' उस दर्द की झलक है जो किसी ऐसे व्यक्ति को खोने से होता है जिसे दिल से चाहते हैं।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आईएमए ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आईएमए की महिला डॉक्टर शाखा द्वारा जिमखाना क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तथा उनकी धर्मपत्नी प्रतिमा गुप्ता मुख्य अतिथि थे। आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत और पीएमओ डॉ. रत्ना भारती विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर वंचित विद्यालयों सेवा भारती और बीएस मॉडर्न स्कूल की छात्राओं व छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पर्वतारोही रीना भट्टी ने सबके साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर आईएमए हिसार के अध्यक्ष डॉ. जसवंत राय बंसल, सचिव डॉ. रामबक्श शर्मा व कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश जैन, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. नवदीप, डॉ. दीप्ती जैन, डॉ. मीनू सिंगला, डॉ. भूमिका अरोरा, डॉ. अनिशा महाजन, डॉ. अर्चना सोनी, डॉ. ऐन के खेतरपाल, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. सुभाष खतरेजा आदि मौजूद थे।




हिसार। कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन। फोटो: हरिभूमि

### राकेश पेटवाड़ सर्वसम्मति से बने प्रधान, राजेश बामल को बनाया सचिव

**हांसी।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 3 वार्षिक सम्मेलन मंडल सब-डिवीजन में यूनिट प्रधान सुरेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में संपन्न करवाया गया। सोमवार को हुए संघ चुनाव में सर्व सम्मति से राकेश पेटवाड़ को प्रधान, सुधीर चहल वरिष्ठ उप प्रधान, राजेश बामल सचिव, सोमबीर मोर कैशियर, रवि मोरवाल उप प्रधान, रवि मोहल्ला सहसचिव, संजय एलडीसी संगठन सचिव चुना गया। सम्मेलन में मंच का संचालन सचिव रोहतास शर्मा ने किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं का समाधान नहीं कर रही हैं। बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी के खिलाफ मंगलवार को तमाम सर्कल बिजली कर्मचारी अधीक्षक अभियंता हिसार के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। मौके पर सतीश शर्मा, रोहतास शर्मा आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### सीलिंग प्लान के दौरान एसपी मोहित हांडा ने किए नाके चेक

# पुलिस ने 109 वाहन चालकों के काटे चालान

- वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक
- पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला पुलिस की ओर से सोमवार को जिलेभर में सीलिंग प्लान लगाया गया। सीलिंग प्लान के तहत जहां वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया, वहीं नियमों की अवहेलना पर 109 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने खुद नाके चेक किए और पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चेकिंग की।

नाकों पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने लगभग 1011 वाहन चैक कर ट्रेफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 109 वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने स्वयं नाकों को चैक किया और नाकों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने धुंध के समय यातायात नियमों और लेन ड्राइविंग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाया।



हिसार। सीलिंग प्लान के तहत वाहनों की चैकिंग करते पुलिस टीमें। फोटो: हरिभूमि




### जीजेयू के विद्यार्थी कविता व अंकित का हुआ चयन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सौजन्य से मंत्रा ई-बाइक्स, आदमपुर के ई-कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थी 2024 पासिंग आउट बैच एमबीए मार्केटिंग की कविता तथा एमबीए जनरल के अंकित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।